राज्यपाल सचिवालय

लोकभवन, राजस्थान

राष्ट्रीय युवा दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को आत्मसात कर विकसित भारत के लिए योगदान दें युवा - राज्यपाल

जयपुर, 11 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने स्वामी विवेकानन्द जयन्ती (12 जनवरी) पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को अपनाते हुए युवाओं से "विकसित भारत 2047" की संकल्पना साकार करने में भागीदार बनने का आह्वान किया है।

श्री बागडे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संपूर्ण जीवन भारतीय उदात्त जीवन मूल्यों का संवाहक है। उनके जीवन मूल्यों से प्रेरणा ले, युवा देश के नव निर्माण में सहभागी बनें।